भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 537**

जिसका उत्तर 25.07.2024 को दिया जाना है

**सोलापुर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर फ्लाई ओवर**

537. सुश्री प्रणिती सुशीलकुमार शिंदे:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सोलापुर से जुड़े राष्ट्रीय राजमार्गों पर शेटफल और सावलेश्वर में महत्वपूर्ण स्थानों पर फ्लाईओवरों, अंडरपास सुरंगों अथवा सर्विस रोड के निर्माण के लिए प्रस्तावित कार्रवाई का ब्यौरा क्या है;

(ख) दुर्घटनाओं और नुकसान में कमी लानें के लिए ठेका कंपनियों द्वारा उक्त राष्ट्रीय राजमार्गों का रखरखाव समयबद्ध तरीके से नियमित रूप से किया जाना सुनिश्चित करने के लिए किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार के पास सोलापुर को पुणे, बीजापुर, नागपुर, रत्नागिरी , धुले और अक्कलकोट से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों के आवधिक रखरखाव के संबंध में कोई आंकड़ें हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस मामले पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) का क्या रुख है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) रारा-52 के पुणे-सोलापुर खंड पर शेतफल माधा फाटा पर अंडरपास के निर्माण को अनुमोदित कर दिया गया है। सावलेश्वर में ग्रेड सेपरेटेड संरचना के निर्माण का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ख) मंत्रालय ने रखरखाव एजेंसियों के माध्यम से सभी रारा खंडों का रखरखाव और मरम्मत (एम एंड आर) सुनिश्चित करने के लिए एक तंत्र विकसित किया है। रारा के उन खंडों, जहां विकास कार्य शुरू हो गए हैं या संचालन, रखरखाव और हस्तांतरण (ओएमटी) रियायतें/संचालन और रखरखाव (ओ एंड एम) अनुबंध सौंप दिए गए हैं, के एम एंड आर की जिम्मेदारी, दोष देयता अवधि (डीएलपी)/रियायत अवधि के अंत तक संबंधित रियायतग्राहियों/ठेकेदारों की है। शेष रारा खंडों के लिए, मंत्रालय ने निष्पादन आधारित रखरखाव अनुबंध (पीबीएमसी) या अल्पकालिक रखरखाव अनुबंध (एसटीएमसी) के माध्यम से रखरखाव कार्य करने का नीतिगत निर्णय लिया है।

(ग) सोलापुर जिले को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्मित परियोजनाओं के आवधिक रखरखाव का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

**अनुबंध**

**'सोलापुर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर फ्लाई ओवर' के संबंध में सुश्री प्रणिती सुशीलकुमार शिंदे द्वारा पूछे गए दिनांक 25.07.2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 537 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | कुल लंबाई किमी में. | आवधिक रखरखाव का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | <u>पुणे से सोलापुर राजमार्ग;</u><br>बीओटी आधार पर रारा-65 के पुणे- सोलापुर खंड के किमी 144+400 से किमी 249+000 तक चार बनाना। | 101.3 | 2022-23 |
| 2 | सोलापुर से धुले राजमार्ग; | | |
| (i) | बीओटी आधार पर रारा-52 के सोलापुर-येदशी खंड के किमी 0+000 से किमी 100+000 तक चार लेन बनाना। | 98.717 | 2022-23 |
| (ii) | बीओटी आधार पर रारा-52 के येदिशी से औरंगाबाद खंड के किमी 100+000 से किमी 290+200 तक चार लेन बनाना। | 190.200 | 4-लेन बनाने का काम पूरा हो गया है।<br>बीओटी अनुबंध के अंतर्निहित संपर्क प्रावधानों के माध्यम से रियायतग्राही द्वारा ओ एंड एम। |
| (iii) | ईपीसी मोड पर रारा-52 के औरंगाबाद से करोडी खंड के किमी 290+200 से किमी 320+640 तक चार लेन बनाना। | 30.440 | 4-लेन बनाने का काम पूरा हो गया है।<br>ईपीसी अनुबंध के अंतर्निहित संपर्क प्रावधानों के माध्यम से ठेकेदार द्वारा रखरखाव। |
| (iv) | ईपीसी मोड पर रारा-52 के करोडी से तेलवाडी खंड के किमी 320+640 से किमी 376+100 तक चार लेन बनाना। | 55.46 | 4-लेन बनाने का काम पूरा हो गया है।<br>रखरखाव का कार्य ठेकेदार द्वारा ईपीसी अनुबंध के अंतर्निहित संपर्क प्रावधानों के माध्यम से किया जा रहा है। |
| (v) | रारा-52 का तेलवाडी-बोधारे अर्थात् औत्रम घाट खंड | 15 | परियोजना खंड 2-लेन सड़क है और इसका आवधिक नवीनीकरण 31.05.2022 को पूरा हो गया है तथा वर्तमान में 30.05.2026 तक दोष देयता अवधि के अंतर्गत है। |
| (vi) | रारा-52 के बोधरे - धुले खंड को 4 लेन का बनाना | 67.231 | 4-लेनिंग का कार्य प्रगति पर है। 58 किलोमीटर लंबाई 4 लेन की है। रखरखाव का कार्य रियायतग्राही द्वारा अंतर्निर्मित संपर्क प्रावधानों के माध्यम से किया जा रहा है। |
| 3 | सोलापुर से हैदराबाद राजमार्ग;<br>बीओटी आधार पर रारा-65 के सोलापुर से सोलापुर महाराष्ट्र/कर्नाटक सीमा खंड के किमी 251+350 से किमी 348+800 तक चार लेन बनाना। | 100.06 | आवधिक रखरखाव का कार्य रियायतग्राही के जोखिम और लागत पर स्वीकृत किया गया है। |
| 4 | सोलापुर से विजयपुर राजमार्ग;<br>बीओटी आधार पर महाराष्ट्र और कर्नाटक राज्य में रारा-52 के सोलापुर से विजयपुर खंड के किमी 0+000 से किमी 110+542 तक चार लेन बनाना। | 109.075 | 4-लेन बनाने का काम पूरा हो गया है।<br>रखरखाव, बीओटी अनुबंध के अंतर्निहित संपर्क प्रावधानों के माध्यम से रियायतग्राही द्वारा किया जाता है । |
| 5 | सोलापुर से रत्नागिरी राजमार्ग; | | |
| (i) | एचएएम आधार पर रारा-166 (पैकेज-IV) के मंगलवेढ़ा - सोलापुर के किमी 321.600 से किमी 378.100 तक चार लेन बनाना। | 55.80 | 4-लेन बनाने का काम पूरा हो गया है, सी.ए. प्रावधान के अनुसार रियायतग्राही द्वारा रखरखाव। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (ii) | एचएएम आधार पर रारा-166 (पैकेज-III) के वाटम्बरे - मंगलवेधा के किमी 276.000 से किमी 321.600 तक चार लेन बनाना। | 45.60 | |
| (iii) | एचएएम आधार पर रारा-166 (पैकेज-II) के बोरगांव - वतंबरे खंड के किमी 224.000 से किमी 276.000 तक चार लेन बनाना। | 52 | |
| (iv) | एचएएम आधार पर रारा-166 (पैकेज-I) के सांगली - बोरगांव खंड को चार लेन का बनाना। | 41.4 | |
| (v) | रारा-166 के कोल्हापुर - सांगली खंड को चार लेन का बनाना। | 34 | नियमित ओ एंड एम एजेंसी के माध्यम से सामान्य रखरखाव किया जाता है। |
| (vi) | एचएएम पर रारा-166, पैकेज- III के रत्नागिरी - कोल्हापुर खंड को 4 लेन का बनाना | 32.96 | 4-लेनिंग का काम प्रगति पर है। रखरखाव का काम रियायतग्राही द्वारा किया जा रहा है। |
| (vii) | एचएएम पर रारा-166, पैकेज- II के रत्नागिरी - कोल्हापुर खंड को 4 लेन का बनाना | 45.2 | |
| (viii) | रारा-166 के रत्नागिरी -कोल्हापुर खंड को 4 लेन में बदलना , एचएएम पर पैकेज- I | 55.9 | |
| 6 | सोलापुर से अक्कलकोट राजमार्ग;<br>एचएएम आधार पर रारा-150ई के सोलापुर-अक्कलकोट खंड के किमी 99.400 से किमी 138.352 तक चार लेन बनाना। | 38.952 | 4-लेनिंग का काम प्रगति पर है। रखरखाव का काम रियायतग्राही द्वारा किया जा रहा है। |
| 7 | सोलापुर से नागपुर राजमार्ग | | |
| (i) | रारा-52 के सोलापुर से तुलजापुर खंड को 4 लेन का बनाना | 36.6 | 4-लेनिंग का काम प्रगति पर है। रखरखाव का काम रियायतग्राही द्वारा किया जा रहा है। |
| (ii) | रारा-361 के तुलजापुर-औसा खंड को 4 लेन का बनाना | 67.428 | 4-लेनिंग का काम प्रगति पर है। रखरखाव का काम रियायतग्राही द्वारा किया जा रहा है। |
| (iii) | रारा-361 के औसा-चाकुर खंड को 4 लेन का बनाना | 58.510 | 4-लेनिंग का काम प्रगति पर है। रखरखाव का काम रियायतग्राही द्वारा किया जा रहा है। |
| (iv) | रारा-361 के चाकूर- लोहा खंड को 4 लेन का बनाना | 73.345 | 4-लेनिंग का काम प्रगति पर है। रखरखाव का काम रियायतग्राही द्वारा किया जा रहा है। |
| (v) | रारा-361 के लोहा-वारंगा खंड को 4 लेन का बनाना | 56.569 | 4-लेनिंग का कार्य प्रगति पर है (90.35% पूर्ण)। रखरखाव का कार्य रियायतग्राही द्वारा किया जा रहा है। |
| (vi) | रारा-361 के वारंगा-महागांव खंड को 4 लेन का बनाना | 66.880 | 4-लेनिंग का कार्य प्रगति पर है (90.25% पूर्ण)। रखरखाव का कार्य रियायतग्राही द्वारा किया जा रहा है। |
| (vii) | रारा-361 के महागांव-यवतमाल खंड को 4 लेन का बनाना | 80.195 | 4-लेनिंग का काम प्रगति पर है। रखरखाव का काम रियायतग्राही द्वारा किया जा रहा है। |
| (viii) | रारा-361 के यवतमाल-वर्धा खंड को 4 लेन का बनाना | 64.925 | 4-लेनिंग का काम प्रगति पर है। रखरखाव का काम रियायतग्राही द्वारा किया जा रहा है। |
| (ix) | रारा-361 के वर्धा - बुटीबोरी खंड को 4 लेन का बनाना | 59.190 | 4-लेनिंग का काम प्रगति पर है। रखरखाव का काम रियायतग्राही द्वारा किया जा रहा है। |
| (x) | रारा-44 का बुटीबोरी से नागपुर खंड | 22 | बी4-लेनिंग का काम प्रगति पर है। रखरखाव का काम रियायतग्राही द्वारा किया जा रहा है। |

*****